






## एक नजर में

### मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम को लेकर कलेक्टर और एसपी ने सवारी मार्ग का भ्रमण किया

**मंदसौर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के जिले में प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम को लेकर कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनंद ने हवाई पट्टी, भगवान पशुपतिनाथ राजसी सवारी मार्ग में शुक्ला चौक, काला खेत, नेहरू बस स्टैंड, भारत माता चौराहा, घंटाघर का भ्रमण किया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 4 अगस्त को निकलने वाली भगवान पशुपतिनाथ की राजसी सवारी में शामिल होंगे। इस संबंध में कलेक्टर, एसपी ने भ्रमण कर सवारी मार्ग की आवश्यक व्यवस्था को देखा तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। पशुपतिनाथ मंदिर का निरीक्षण कर सवारी मार्ग, पार्किंग व्यवस्था, साफ सफाई व्यवस्था के संबंध निर्देश प्रदान किए। पशुपतिनाथ मंदिर सभागार में बैठक कर अधिकारियों को निर्देश प्रदान किए।

### विद्युत मंडल ने 70 झुके विद्युत पोलों को सीधा किया

**मंदसौर।** बारिश के मौसम में तेज हवाओं के चलते मंदसौर वृत्त में लगभग 70 बिजली के पोल टेढे होकर झुक गये थे। जिन्हें विद्युत मंडल द्वारा एक अभियान चलाकर शनिवार को सीधे किये ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से बचा जा सकें। मप्र विद्युत मंडल के जिला अधीक्षण यंत्री आर सी जैन ने बताया कि तेज हवाओं और अन्य कारणों से मंदसौर वृत्त में 70 बिजली के पोल झुक गये थे जिन्हें एक अभियान चलाकर पुनः सीधे किया गया ताकि कोई अप्रिय स्थिति घटित ना हो। श्री जैन ने बताया कि यदि कहीं भी झुका हुआ विद्युत पोल दिखाई दे तो तुरंत उसकी सूचना निकतटम विद्युत कार्यालय को देंवे।



### क्षत्राणियों ने लहरिया महोत्सव मनाया, अपनी पारम्परिक लहरियां पोशाके धारण कर शिरकत की



**मंदसौर।** सोमवार शाम स्थानीय क्षत्राणियों ने लहरिया महोत्सव में लगभग 110 स्थानीय महिलाओं व युवतियों ने अपनी पारम्परिक लहरियां पोशाकों में शिरकत की, जिससे आयोजन रंग-बिरंगा व उत्सवुअ भाव से भर गया। इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य प्राचीन सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना बताया गया। मुख्य आयोजक श्रीमती तनुश्री नरुका व श्रीमती हीना झाला ने स्पष्ट किया कि यह महोत्सव मंदसौर में प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जाता रहा है ताकि यह विरासत लुप्त नहीं बल्कि जीवंत रहे। यह महोत्सव प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जाता है, ताकि हमारी सांस्कृतिक विरासत लुप्त न हो, बल्कि जीवंत बनी रहे, श्रीमती तनुश्री नरुका सांस्कृतिक व ऐतिहासिक महत्ताः लहरिया राजस्थान की पारंपरिक टाई-डाई टेक्नीक है, जिसका नाम लहर या लहरा (तरंगों) से आया है—यह रेगिस्तान की रेत पर हवा से बनने वाले तरंगों की तरह नजर आने वाले पैटर्नों को दशार्ती है। इतिहासकारों के अनुसार, लहरिया कला कुछझ्कुछ रूपों में 500 साल से भी अधिक समय से अस्तित्व में है, इस तकनीक के शुरूआती नमूने 17वीं सदी से मिलते हैं।

## पाटीदार महिला संगठन का आयोजन, समाज की महिलाओं के द्वारा निर्मित उत्पादों की लगाई प्रदर्शनी



**मंदसौर। 2 अगस्त 2025 शनिवार को मंदसौर नगर के पाटीदार समाज महिला संगठन का कार्यक्रम महिला संगठन की जिला अध्यक्ष श्रीमती भारती पाटीदार और मंदसौर नगर अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी पाटीदार के नेतृत्व में संपन्न हुआ।** समाज की महिलाओं के लिए समाज की महिलाओं के ही बीच एक शानदार कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महिलाओं को मंच प्रदान किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि मधुकांता पाटीदार और विमला पाटीदार के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में समाज की वे महिलाएं जो स्वयं उत्पाद बनाती हैं, और उनका विक्रय करती है ऐसी महिलाओं के लिए स्टॉल लगाये गये जिसे सभी ने सराहा। इसमें मुख्य रूप से आर्ट गैलरी, राखियां, इमिटेशन ज्वेलरी, होम मेड बेकरी आईटम, साड़ियां, मेकअप प्रोडक्ट ,आदि अनेक प्रकार के स्टॉल लगाए गए। जिसका मुख्य उद्देश्य जो महिलाएं स्वयं का बिजनेस करती है। स्वयं अपने हाथों से उत्पाद बनाती हैं। उनको एक पहचान मिले। उनके बारे में सब जाने। कार्यक्रम में पहुंची जनता को होम मेड उत्पाद बहुत मन भाए। सबने खूब जमकर खरीददारी की। कार्यक्रम के समापन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और गेम्स का भी आयोजन हुआ। विजेता टीमों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।पाटीदार समाज महिला संगठन की जिलाध्यक्ष भारती पाटीदार ने बताया गया कि हमारा उद्देश्य ऐसी बहने जो स्वयं कुछ करना चाहती हैं। उनको प्रोत्साहन देना ओर और वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देना हैं।

## मंदसौर के राजाधिराज भगवान पशुपतिनाथ निकलेंगे आज

▶ भोले को नगर भ्रमण को लेकर भक्तों में भारी उत्साह, वाहन रैली में दिखा जबरदस्त जोश

**मंदसौर।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सावन माह के अंतिम सोमवार 4 अगस्त की बेला में आज भूतभावन भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव भक्तों का हाल चाल जानने राजसी अंदाज में शाही रथ में सवार होकर निकलेंगे। सुबह रजत प्रतिमा का अभिषेक पूजन अर्चन कर भव्य नयनाभिराम श्रृंगार कर रथ में विराजित किया जायेगा। राजसी सवारी में इस वर्ष प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी सम्मिलित रहेगे। सवारी के प्रचार प्रसार हेतु एक वाहन रैली रविवार को नगर में निकाली गई। राजसी सवारी का यह 29 वां वर्ष है, वर्ष भर में एक बार सावन मास के अंतिम सोमवार को रजत प्रतिमा के दर्शन भक्तजन करते है।

## विरासत बचाओ अभियान

**सीतामऊ।** ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश चंद्र रावट ने जानकारी देते हुए बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल ने श्रीराम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा सरस कुंवर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीतामऊ को विलोपित (बंद) करने के निर्देश जारी किए हैं। छोटी काशी कही जाने वाली सीतामऊ की ये दोनों शैक्षणिक संस्थाएँ न केवल नगर की पहचान हैं, बल्कि उनके पूर्व छात्र देश-विदेश में नगर का नाम रोशन कर चुके हैं। रावट के अनुसार, यदि विद्यालय बंद हुए तो सीतामऊ की वैश्विक पहचान पर सीधा आघात पड़ेगा।

निर्देश के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सीतामऊ के नेतृत्व में 5 अगस्त 2025, मंगलवार, सुबह 11:30 बजे लदुना चौराहा, सीतामऊ पर धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। इसके पश्चात मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) सीतामऊ को सौंपा जाएगा।सीतामऊवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर फ्रदो महान विरासतोंफ्र को बचाने की मुहिम में सहभागिता सुनिश्चित करें।रावट ने कहा, फ्रइन विद्यालयों के बिना सीतामऊ का गौरव अधूरा है। यह केवल इमारतें नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और शैक्षणिक पहचान हैं।




## कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास बाबुल्दा में एक वृक्ष मां के नाम

▶ नीम, आम, अनार और नींबू के पौधे लगाए, छात्राओं ने लिया संरक्षण का संकल्प

**भानपुरा। कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास, हाई सेकेंडरी एजुकेशन बाबुल्दा में दिनांक 1 अगस्त 2025 को एक वृक्ष मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रावास परिसर में नीम, आम, अनार और नींबू जैसे फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया।** छात्रावास अधीक्षिका संध्या यादव एवं समस्त छात्राएं उपस्थित रहीं। इस दौरान छात्राओं ने पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प भी लिया। एक वृक्ष मां के नाम उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित एक महत्वाकांक्षी अभियान है, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देना है। इस योजना के तहत नागरिकों को अपनी माता के नाम पर पौधे लगाने हेतु प्रेरित किया जाता है। वर्ष 2024-25 में इस अभियान के अंतर्गत 36.50 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।अभियान के दूसरे चरण में प्रदेश के सभी शैक्षणिक संस्थानों को भी शामिल किया जा रहा है। इस दौरान पीपल, नीम, जामुन, गुलमोहर, पिलखन आदि पौधों का बड़े पैमाने पर रोपण किया जा रहा है।

## नाले में गिरी गो माता को सुरक्षित बाहर निकाला



**भानपुरा। नगर में विगत 9 वर्षों से गौ सेवा और निराश्रितों को भोजन उपलब्ध कराने का पुनीत कार्य कर रही हारे का सहारा सेवा समिति ने एक बार फिर सेवा, साहस और समर्पण का उदाहरण प्रस्तुत किया।**

दिनांक 2 अगस्त 2025 की रात्रि लगभग 11 बजे बृजधाम कॉलोनी के सामने स्थित सकरे नाले में एक गौ माता गिर गई। इस घटना की सूचना समिति को स्थानीय चिकित्सक डॉ. पांचाल द्वारा दी गई। सूचना मिलते ही समिति के गौ सेवक राहुल मालवीय, कुणाल बैरागी और रोहित मालवीय तत्काल मौके पर पहुंचे। नाला अत्यंत संकरा होने के कारण गौ माता उसमें फंस गई थी। बिना समय गंवाए, टीम ने समानांतर एक गड्ढा खोदने का निर्णय लिया और लगभग दो घंटे के अथक प्रयास के बाद गौ माता को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। सदस्य, स्थानीय रहवासी तथा नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद कुमार (शिव) भानपिया, डॉ. पांचाल और राकेश शालीमार भी उपस्थित रहे और पूरी प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। समिति के मार्गदर्शक मुकेश किशन राठौर, अध्यक्ष सुनील कुमार माली एवं वरिष्ठ सदस्य हरिश नामदेव ने टीम के सदस्यों की मुक्तकंठ से सराहना की ।

**एक नजर** ▶ बहुत जल्द रोड चौड़ीकरण व घाट निर्माण कार्य शुरू होगा : विधायक

## शिवना तट पर श्रमदानियों ने 2 ट्रॉली जलकुंभी व कचरा निकाल घाट साफ किए



**मन्दसौर। वर्षा काल सावन के माह में कल - कल बह रही शिवना नदी के तट पर रविवार को शिवना शुद्धिकरण अभियान के 56 वे दिन श्रमदानियो ने श्रमदान कर 2 ट्राली प्लास्टिक ,कचरा व नदी में बह कर आ गई जलकुंभी को बाहर निकाला गया। इस दौरान सभी श्रमदानियों ने शिवना नदी में बह कर आई मिट्टी को हटा कर घाटों को साफ किया।** 1 मई से निरंतर 56 वे दिन आज रविवार तक चले शिवना शुद्धिकरण अभियान में श्रमदानियो की मेहनत रंग लाई है। नदी साफ सुंदर व स्वच्छ नजर आ रही है। इस अवसर पर लोकप्रिय विधायक विपिन जैन ने कहा कि एक सूचना पर आज भी बड़ी संख्या में महिला,पुरुष व समाजसेवी श्रमदान करने आ रहे हैं इससे यह लगता है की लोगों में साफ सफाई और स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरूकता बड़ी है`। ।रविवार को शिवना शुद्धिकरण अभियान के 56 वे दिन श्रमदान करने वालों में सर्वश्री विधायक विपिन जैन, समाज सेवियों में सर्वश्री भंवरलाल प्रजापत, हेमराज खाबिया, बृजलाल बामनिया, रमेश सोनी, विजय आनंद, राकेश जैन पिंटू, नमन पालीवाल, अमलावद गांव से कैलाश कुमावत, इन्द्रेश कुमावत भगत, महीपालसिंह पंवार, महिला नेत्रीयों में रफत पयामी, अनीता भदोरिया,वर्षा धोसरिया, मीना चौहान, प्रमिला पंवार, भागवंती बामनिया, कौशल्या त्रिवेदी कांग्रेसजन मे सर्वश्री तरुण खींची, विकास दशोरा, राजनारायण लाड़, रमेश सिंगार, साबिर इलेक्ट्रीशियन, संजय नाहर, विजय सिंह सिसोदिया, अजय सोनी, अशोक राव, महेश गुप्ता, शिवशंकर सोलंकी, अकरम खान, गणपत कुमावत, नितनेश बसेर, राकेश सेन, ऋषिराज लाड़, गोपाल बंजारा, आदि थे।

# नीमच

## एक नजर में

### कावड़ियों शिवना का जल लेकर दौड़ते हुए पहुंचे मनोकामना महादेव, कावड़ियों का किया सम्मान



**नीमच।** सावन मास के पावन उपलक्ष्य में नवमी तिथि रविवार सुबह 8 बजे मंदसौर स्थित पशुपतिनाथ से 31से अधिक कावड़िये एक ही कावड़ में क्रमशप्द यात्री परिवर्तन करते हुए निरन्तर शिवना का जल लेकर दौड़ते हुए 60 किलोमीटर दूर नीमच मुक्तिधाम पुलिया के समीप स्थित मनोकामना महादेव मंदिर पर पहुंचें। मनोकामना महादेव मंदिर के संरक्षक शिव माहेश्वरी, अध्यक्ष दिलीप छाजेड़?, उपाध्यक्ष रमेश जायसवाल, मीडिया प्रभारी अर्जुन जायसवाल ने बताया कि दोपहर 4बजे के लगभग कांवड़ियों का यहां सम्मान किया । तत्पश्चात मनोकामना महादेव मंदिर पर जल अभिषेक आरती पूजन के बाद स्नेह मिलन समारोह भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर कावड़ यात्रा का शुभप्रभात योग मित्र मंडल के अध्यक्ष अनिल सिंहल ने आरती की एवं मनोकामना महादेव के संरक्षक शिव माहेश्वरी सचिव रमेश जायसवाल ने भगवान मनोकामना महादेव की तस्वीर भेंट की एवं सम्मान किया साथ में व्हील साबुन कंपनी प्रतिनिधि द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

### जिनशासन की रक्षा के लिए संतों का त्याग आदर्श प्रेरणादाई कदम :आचार्य प्रशमेशप्रभ सुरीश्वर जी

**नीमच।** यदि हम मर्यादा और संयम नियम के साथ धर्म की रक्षा करते हैं तो संकट आने पर धर्म भी हमारी रक्षा करता है। यदि हम मर्यादा के साथ निरंतर धर्म की राह पर आगे बढ़े तो चाहे कितनी कठिनाइयों क्यों ना आ जाए हमें सफलता अवश्य मिलती है।जिन शासन की रक्षा के लिए संतों का त्याग आदर्श प्रेरणादायक कदम है।यह बात आचार्य प्रशमेश प्रभ सुरीश्वर जी महाराज ने कही। वे श्री जैन श्वेतांबर भीड भंजन मंदिर मंडल ट्रस्ट पुस्तक बाजार नीमच के तत्वाधान में जैन भवन में आयोजित चातुर्मास अमृत प्रवचन श्रृंखला की धर्म सभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल में आचार्य धर्म सूरी जी महाराज ने 1800 किलोमीटर की दूरी और 600 गांव 40 दिन में विहार करते हुए पदयात्रा की थी और आपने पदयात्रा में 60 किलोमीटर घने जंगलों में से भी विहार किया था। विहार पदयात्रा में आचार्य श्री के साथ 20 साधु और गए थे अंत में मात्र दो ही साधु संत पहुंच पाए और धार्मिक कार्यक्रम में विजय श्री प्राप्त की थी जो आज भी जिन शासन के लिए आदर्श प्रेरणादाई प्रसंग है।आचार्य भगवंत श्री विजय प्रशमेश प्रभ सूरीश्वरजी मसा एवं मुनिराज श्री नीति प्रभ विजयजी मसा आदि ठाणा 2 एवं साध्वी जी श्री श्रुतवर्धना श्रीजी मसा एवं साध्वी जी श्री विरति? प्रिया श्रीजी मसा आदि ठाणा 9 का का चातुर्मास में सानिध्य प्राप्त हो रहा है ।आचार्य श्री के प्रवचन जैन भवन में सुबह 9 बजे होंगे , । इस अवसर पर वरिष्ठ श्री संघ पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे।

### घर में काम करती महिला को जहरीले सांप ने डसा

**मनासा।** शनिवार देर शाम करीब 7 बजे ग्राम चचोर में घर कार्य कर रही एक 25 वर्षीय महिला को जहरीले सांप ने डस लिया। परिजन महिला को उपचार के लिए मनासा शासकीय अस्पताल लेकर पहुंचे। जानकारी के अनुसार चचोर निवासी संध्या पति प्रेम मेघवाल (25) वर्ष को घर पर काम करने के दौरान जहरीले सांप ने डस लिया।

## बहिन की शादी के पहले घर में मची चीख पुकार

▶ पुलिस के द्वारा सिंगोली रतनगढ़ और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से 6 घंटे की मशक्कत के बाद मृत अवस्था में गौरव को निकाला नदी से बाहर



नीमच से भी स्पेशल एस डी ई आर एफ की टीम ने भी घटना स्थल पर पहुंच कर अपनी तरफ से गौरव को ढूंढने के प्रयास किए गए। ईश्वर के एक अद्भुत चमत्कार की उम्मीद में हर किसी की जुबान एवं आंखो मे अंतिम समय तक एक ही सपना एवं उम्मीद थी। और केवल एक ही प्रार्थना की जा रही थी ।कि काश गौरव पुन: सुरक्षित सही सलामत वापस घर लौटे ।और चिकित्सक उसे जीवित घोषित कर दे.... लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था ।स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे परिजनों को चिकित्सक ने बालक के मृत होने की दुखद जानकारी प्रदान की। और स्वास्थ्य केंद्र पर पोस्टमार्टम करने की पश्चात शव परिजनों के सुपर्द किया गया।

**सिंगोली। सिंगोली के पास स्थित ग्राम ताल की रोजड़ी नदी में हुए एक दर्दनाक हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर के रख दिया है। हादसे में रतनगढ़ निवासी लगभग 15 वर्षीय बालक गौरव पिता अंतिम कुमार छिपा सिंगोली के पास स्थित ताल की रोजड़ी नदी में दोपहर लगभग 12 बजे के आसपास नहाते समय डूब गया ।बताया जा रहा है।** कि गौरव अपने नाना मामा के यहां एक पारंपरिक पारिवारिक भोज में शामिल होने के लिए ताल आया था ।और विशेष बात यह भी है ।कि आज ही गौरव का जन्मदिन भी था ।ग्राम ताल में आज उज्जैनी मनाई जा रही थी ।और गांव के बाहर भोजन बनाया जा रहा है ।जहां से वह अपने दो अन्य साथियों के साथ नदी पर नहाने के लिए चला गया ।तीनों बालक नदी में नहाने के लिए उतरे लेकिन नदी में से केवल दो ही बालक बाहर निकल पाए ।नहाते वक्त गौरव नदी की गहराई मे ही कही अचानक से लापता हो गया। कुछ ही देर मे तहसीलदार प्रेमशंकर पटेल, सिंगोली थाना प्रभारी बी.एल.भाबर,सब इंस्पेक्टर शिवराज सिंह खिंचीं भी अपनी टिम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे ।और एनडीआरएफ की टीम को बुलाकर बालक को ढूंढने के लिए स्पेशल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया ।लगभग 6 घंटे से भी अधिक बीत जाने के बाद बालक का सूराग लग पाया ।गोताखोरों एवं ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन सफल हुआ। विशेष यह बात रही की बालक को ढूंढने में रतनगढ़ के युवा सारिक पठान एवं उनकी टीम के असलम पठान, साकिर पठान, इमरान ईनु पठान, अफजल,इसरार, शफीक, यासीन का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## नीमच के राजा श्री किलेश्वर महादेव सावन माह के अंतिम सोमवार पर निकलेंगे नगर भ्रमण पर

**नीमच।** नीमच के महांकाल के नाम से प्रसिद्ध श्री किलेश्वर महादेव की शाही सवारी 4 अगस्त को शहर के प्रमुख मार्गों से धूमधाम से निकलेगी। चमत्कारिक श्री किलेश्वर महादेव विशेष श्रृंगारित शाही रथ में विराजित रहेंगे और जनता के हाल जानने के लिए शहर भ्रमण करेंगे। युवा समाजसेवी अरूल अशोक अरोरा गंगानगर के नेतृत्व में शाही सवारी की तमाम तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। सावन माह के अंतिम सोमवार के पूर्व श्री किलेश्वर महादेव परिसर को कलकत्ता से मंगाए गए 101 क्विंटल फूलों से सजाया गया है। पूरा मंदिर से फूलों की खूबशू से महक उठा है।सावन मास के दौरान नीमच शहर में स्थित अति प्राचीन 450 वर्ष पूर्व के श्री किलेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों की भीड उमड रही है। सावन मास के अंतिम सोमवार के दिन मंदिर में भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए हजारों भक्त उमडेंगे वहीं प्रति वर्ष निकलने वाली शाही सवारी में जन सैलाब उमडेगा। शाही सवारी नगर भ्रमण के लिए प्रारंभ होगी।



## पर्यावरण मित्रों ने विश्व संकल्प पर्यावरण वाटिका परिसर में पोंधे रोपित कर, उखाड़ी गाजर घास

**नीमच।** वृक्ष हमारे जीवन मित्र हैं जो हमें जीवन भर प्रदुषित वातावरण से निजात दिलाकर स्वस्थ जीवन के लिएं मुफ्त में शुद्ध वायु आक्सीजन प्रदान करते हैं यही हमारे जीवन के सच्चे मित्र हैं, इनकी सुरक्षा करना एवं पर्यावरण संरक्षण के साथ ही इस धरा को संवारना हम सभी का दायित्व है, इसी उद्देश्य को लेकर संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था नीमच द्वारा हवाई अड्डा झांझरवाडा मार्ग स्थित विश्व संकल्प पर्यावरण वाटिका परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पोंधे रोपित कर पेड़ बनाने का संकल्प लिया, अभियान के तहत संस्था सदस्यों ने रविवार दिनांक 3 अगस्त 2025 को प्रात: 8 से 10 बजे तक 2 घंटे श्रमदान कर परिसर से गाजर घास उखाड़ी एवं कंटीली झाड़ियों की साफ-सफाई कर पूर्व रोपित पोधो की निंदाई गुड़ाई कर खरपतवार निकाली, इसके पश्चात पर्यावरण मित्रों ने आम, जामुन की एकत्रित की गई गुठलियां परिसर किनारे रोपित की गई, इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष किशोर बागड़ी ने बताया कि वृक्ष ही हमारे जीवन के सच्चे मित्र हैं, पोंधे रोपित कर पेड़ बनाने का संकल्प लेना होगा यही हमारी संस्कृति है ।



## दुख की घड़ी में शव वाहन की सुविधा संबल प्रदान करेगी : चौहान

**नीमच।** रविवार को राजमाता विजिया राजे सिंधिया जिला चिकित्सालय के ट्रॉमा सेंटर से जिला पंचायत अध्यक्ष सज्जन सिंह जी चौहान द्वारा जिले को 2 शव वाहन समर्पित किए गए ।इस अवसर पर सज्जन सिंह चौहान ने बताया कि प्रदेश की डॉ मोहन यादव सरकार गरीबों के लिए नित नई योजनाएं बना रही है जो की पीड़ित मानवता की सेवा में वरदान साबित हो रही है, उसी कडी को आगे बढ़ाते जिले को नई सौगात प्रदाय की हे। श्री चौहान ने बताया कि वह संवेदनशील समय जब व्यक्ति की किसी भी कारण से मृत्यु होती है और उसके शव को घर ले जाने की स्थिति में स्वयं का वाहन न होने पर व्यक्ति को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है ।

इसी पीड़ा को समझते हुए सरकार द्वारा निशुल्क शव वाहन की व्यवस्था की गई है, जो की मुश्किल की घड़ी में पीड़ित व्यक्ति को संबल प्रदान करेगी।

**एक नजर** ▶ संस्था सुर कीर्ति द्वारा कर्णप्रिय मधुर संगीत व देश भक्ति की तराने छाये रहे

## सुर कीर्ति की संगीत निशा बरखा बहार देर रात तक खूब जमीं



**नीमच। गीत संगीत को समर्पित संस्था सुर कीर्ति द्वारा शनिवार 2 अगस्त की रात 7:30 बजे स्थानीय टाउन हॉल सभागार में गीत संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर अतिथियों द्वारा किया गया।** कार्यक्रम का शुभारंभ लाइव आर्केस्ट्रा के सभी कलाकारों ने सामूहिक रूप से मेरे मन की अंघ तमस में सरस्वती वंदना से किया। आराध्या कविश्वर ने मोह मोह के धागे..., आरती सक्सेना ने

मुस्कान झूठी है जीत गया ...,दिलीप शर्मा ने सुभान? अल्लाह चांद जो सिफारिश ...,आर्ची सक्सेना ने गिलहरियां.., पूनम सक्सेना ने तुम मुझे भूल ना पाओगे..., डॉक्टर स्वप्निल वधवा ने पहला नशा पहला खुमा..., रितेश शर्मा ने फूलों के रंग..., प्रियंका कवीश्वर ने फिजा भी जवां जंवा...., मुकेश पंचोली ने दर्दे दिल दर्दे जिगर..., कीर्ति , माही श्रीवास्तव ने हंसता हुआ नूरानी चेहरा..., मनीष उपाध्याय ने चला जाता हूं किसी की धुन में..., सत्येंद्र सक्सेना ने आते जाते हंसते गाते..., मुकेश मेघवाल ने तेरे चेहरे में वो जादू. है.., कीर्ति आलोक श्रीवास्तव ने तुझे देखा तो यह जाना सनम...., डॉक्टर स्वप्निल वधवा ने ये दिल बेचारा..., माही श्रीवास्तव ने पायोजी मैंने प्रेम रतन धन पायो...., राहुल गन्धर्व ने सैया सैया..., आलोक श्रीवास्तव ने देखा ना हाय रे सोचा ना ...., रिया शर्मा नेआज दिन चढ़िया रे..., नरेंद्र सोगोरे ने शीशे की उम्र.., आलोक श्रीवास्तव व डॉ स्वप्निल वधवा ने संदेशे आते हैं...,